महत्वपूर्ण एवं खास

एक ही परिवार के चार लोगो की हत्या की गुत्थी सुलझाने करीब पहुंची पुलिस

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग जिले के कुम्हारी में हुई एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की गुत्थी पुलिस ने लगभग सुलझा ली है। वारदात को अंजाम पारिवारिक विवाद के चलते दिया गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस वारदात में मृतक के भाई भी शामिल हैं। पुलिस जहां एक भाई को दुर्ग लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरे भाई और उसके साथी को पकडऩे के लिए ऐंटी क्राइम की दो अलग-अलग टीमें ओडिशा रवाना हुई हैं। कुम्हारी थाना अंतर्गत कपसदा गांव में बुधवार रात भोलानाथ यादव उसकी पत्नी नैला और दो बच्चों प्रमोद व मुक्ता की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वारदात को अंजाम संपत्ति विवाद को लेकर दिया गया है।

गाड़ी ओवरटेक करने पर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई स्थित बग्गा मशीनरी के पास गाड़ी ओवरटेक के नाम पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गाजीनगर बीरगांव निवासी प्रार्थी मोहम्मद तोसीप 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक से जा रहा था। तभी खमतराई स्थित बग्गा मशीनरी के पास ओवरटेक करने की बात पर बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गया। जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लोकेश साह 30 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएफ 3431 से कहीं जा रहा था, तभी तेलीबांधा ओव्हरब्रीज के नीचे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस की मदद से घायल लोकेश को उपचार के लिए वी केयर अस्पताल में भर्ती किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम टीला में जमीन विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से ग्राम टीला निवासी प्रार्थिया रेखा बाई साहू 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रामाधार धीवर ने जमीन विवाद के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी रामधार धीवर 71 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया रेखा बाई साहू सहित दो अन्य ने जमीन विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गोबरा नवापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अब इंदौर जाना हुआ आसान

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर एयरपोर्ट में अब जल्द ही इंदौर से भी जुड़ जाएगा। तीन अक्टूबर से बिलासपुर इंदौर फ्लाइट की शुरुआत हो रही है, जो हफ्ते में चार दिन उपलब्ध होगी। इसका संचालन एलायंस एयर कंपनी करेगी। यह बिलासपुर, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट है।

सहारा इंडिया कंपनी के 1366 निवेशकों को अब तक 93.50 लाख रूपए का किया गया भुगतान

- चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए निवेशकों को उनकी राशि की जा रही वापस
- कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को सत्यापन संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराये जाने के दिए सख्त निर्देश

राजनांदगांव (आरएनएस)। शासन की मंशा के अनुरूप चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए निवेशकों को उनकी राशि वापस लौटाई जा रही है। कलेक्टर डोमन सिंह के दिशा-निर्देशन में लगातार सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को उनकी निवेश की राशि वापस की जा रही है। सहारा इंडिया कंपनी से निवेश की राशि मिलने से नागरिकों में जिला प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। सहारा इंडिया कंपनी के कुल 6 हजार 381 निवेशकों में से 1 हजार 772 निवेशकों का सत्यापन सहारा इंडिया कंपनी से कराया गया। इसके बाद निवेशकों को भुगतान के लिए तहसीलदारों को कुल 2 करोड़ 30 लाख रूपए उपलब्ध कराया गया है। जिसमें से अब तक कुल 1 हजार 366 निवेशकों को 93 लाख 50 हजार का भुगतान किया जा चुका है। शेष 440 निवेशकों के भुगतान की कार्रवाई जारी है।

जिला कार्यालय को तहसीलदारों द्वारा सत्यापन हेतु शेष 4 हजार 609 निवेशकों में तहसील मोहला व अम्बागढ़ चौकी, छुरिया एवं डोंगरगांव से 1 हजार 887 निवेशकों की सूची प्रस्तुत की गई है। जिसे सहारा इंडिया कंपनी से सत्यापन कराये जाने के लिए कंपनी को प्रेषित किया जा रहा है। सहारा इंडिया कंपनी से सूची सत्यापन होने के बाद तत्काल संबंधित निवेशकों को उनके द्वारा निवेश की गई राशि का 25 प्रतिशत भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। तहसील राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ एवं छुईखदान में दस्तावेजों का मिलान व सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर डोमन सिंह ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को सत्यापन संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराये जाने के सख्त निर्देश दिए है। निवेशकों की सूची सहारा इंडिया कंपनी को प्रेषित कर सत्यापन की कार्रवाई कराई जा सके। कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई को खैरागढ़ एवं छुईखदान के निवेशकों की सूची संबंधित तहसीलदारों से सत्यापन की कार्रवाई कराकर जिला कार्यालय राजनांदगांव को उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित किया गया है।

सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को भुगतान की प्रगति-जिला प्रशासन द्वारा सहारा इंडिया के 1 हजार 772 निवेशकों को 2 करोड़ 30 लाख 83 हजार 659 रूपए के भुगतान का लक्ष्य है। अब तक सहारा इंडिया के 1 हजार 366 निवेशकों को 93 लाख 50 हजार 215 रूपए का भुगतान किया जा चुका है। अब तक राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 774 निवेशकों को 65 लाख 5 हजार 141 रूपए, छुरिया तहसील के 270 निवेशकों को 15 लाख 3 हजार 175 रूपए, डोंगरगढ़ के 293 निवेशकों को 11 लाख 82 हजार 32 रूपए तथा छुईखदान तहसील के 29 निवेशकों को 1 लाख 59 हजार 867 रूपए का भुगतान किया गया है। वहीं राजनांदगांव तहसील के 1 हजार 42 निवेशकों को 1 करोड़ 85 लाख 74 हजार 868 रूपए, छुरिया तहसील के 312 निवेशकों को 17 लाख 63 हजार 144 रूपए, डोंगरगढ़ तहसील के 383 निवेशकों को 25 लाख 67 हजार 134 रूपए तथा छुईखदान तहसील के 35 निवेशकों को 1 लाख 78 हजार 513 रूपए के भुगतान का लक्ष्य है।

ग्रामीणों को ऑडियो-विजुअल उपकरण के माध्यम से आसानी से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की मिलेगी जानकारी

- यूनिसेफ के संचार उपकरण से शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता में मिलेगी मदद

कोरबा (आरएनएस)। यूनिसेफ के मिड मीडिया संचार उपकरण के माध्यम से शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता में आसानी होगी। उपकरणों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दूरस्थ वनांचलों में निवासरत लोगों को आसानी से प्राप्त होगी। इस अभियान के लिए यूनिसेफ द्वारा जिला प्रशासन को 48 संचार उपकरण प्राप्त हुए है। इनमें पांच पिको प्रोजेक्टर, 17 ज्यूक बॉक्स और 26 मेगाफोन शामिल हैं। कलेक्टर संजीव झा को यूनीसेफ के जिला समन्वयक ने संचार उपकरणों को सौंपकर संचार उपकरणों के जन जागरूकता कार्यक्रम में उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों का उपयोग कर ग्राम सभाओं, हाट बाजारों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों में लोगों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग योजनाओं का लाभ ले सकें। इसके माध्यम से दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी मिलने में आसानी होगी।

संचार उपकरणों का उपयोग कोविड जन जागरूकता अभियान के तहत् रोको अउ टोको वालेन्टियर्स के द्वारा भी किया जाएगा।

यूनिसेफ से प्राप्त संचार उपकरणों के माध्यम से जनसम्पर्क विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पोषण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी उनकी भाषा में ऑडियो-विजुअल माध्यम से पहुंचाई जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोग बेहतर ढंग से उठा सकें। यूनिसेफ द्वारा सौपे गए संचार उपकरणों पिको प्रोजेक्टर, ज्यूक बॉक्स और मेगाफोन का उपयोग ग्राम सभाओं, हाट बाजारों, आंगनबाडिय़ों, स्वास्थ्य केंद्रों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान किया जाएगा। संचार उपकरणों का उपयोग फ्रंटलाइन वर्कर, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और स्वयंसेवी नेटवर्कों द्वारा जागरूकता संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाएगा। बैटरी चलित आधुनिक तकनीक के इन संचार सामग्री का उपयोग सुदूर दूरस्थ अंचलों तक जानकारी पहुंचाने व शासन की योजनाओं के विषय में जागरूकता के लिए किया जाएगा। योजनाओं से संबंधित वीडियो व ऑडियो के माध्यम से सूचना एवं जन जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

ग्राम बैनपल्ली से 10 किलो का एक जिंदा आईईडी बरामद

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान आज सुबह करीब तीन बजे कमांडेट सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 02 कंपनियां ग्राम बैनपल्ली की ओर सर्चिंग अभियान में निकली थी। सुरक्षाबलों के जवान सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए ग्राम बैनपल्ली से कैम्प की ओर वापस लौटने के दौरान बम निरोधक दस्ता को डीएसएमडी के माध्यम से आईईडी लगे होने का संकेत मिला। इसके बाद इलाके की बारीकी से छान-बीन करने पर 01 जिंदा आईईडी करीब 10 किलोग्राम का बरामद कर उसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। इससे पूर्व में भी नक्सलियों ने इस बटालियन को कई आईईडी एवं स्पाईक्स लगाकर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने का भरसक प्रयास किया गया है, लेकिन नक्सलियों के मंसूबों को लगातार नाकाम किया जा रहा है। सीआरपीएफ 231 बटालियन द्वारा अभी तक थाना अरनपुर (दंतेवाड़ा), जगरगुण्डा (सुकमा) में कुल 132 आईईडी को सफलता पूर्वक बरामद किया गया है।

ट्रैन की चपेट में आने से युवक की मौत

जांजगीर (आरएनएस)। जिले में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि मृतक घर से फूल लाने के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गया। हादसा जांजगीर के खोखसा फाटक के पास हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना जांजगीर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार जांजगीर क्षेत्र निवासी मृतक प्रशांत गुप्ता सुबह घर से फूल लेने के लिए निकला था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि हादसे में मृतक का सिर अलग और धड़ अलग हो गए हैं। लोगों ने जब शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। हादसा जांजगीर के खोखसा फाटक के पास हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जांजगीर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है।

सिरमिना में हाथियों ने उजाड़ा आशियाना, घोटमार जंगल में भी दस्तक

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में सक्रिय 44 हाथियों के दल ने बीती रात सिरमिना में एक ग्रामीण के आशियाने को उजाड़ दिया जबकि एक दर्जन से अधिक किसानों की फसल रौंद दी। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं कोरबा वनमंडल में भी 8 हाथियों की दस्तक हो गई है। हाटी क्षेत्र से अचानक पहुंचे हाथियों का दल बीती रात कुदमुरा तथा कोरबा रेंज के बताती गांव होते हुए तडक़े करतला रेंज के घोटमार जंगल पहुंचे। दल ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में कई किसानों की फसल रौंद डाली है। हाथियों के घोटमार क्षेत्र में दस्तक देते ही करतला का वन अमला सतर्क हो गया है।

हाथियों की लगातार निगरानी करने के साथ ही नुकसानी का सर्वे भी शुरू कर दिया गया है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में घूम रहे 44 हाथी बीती रात सिरमिना पहुंच गए और यहां की बस्ती में प्रवेश कर एक ग्रामीण के कच्चे मकान को ढहा दिए तथा खेतों व बाड़ी में लगे धान व मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों का उत्पात पूरे रात भर चला। इस दौरान ग्रामीण रतजगा करते रहे जबकि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथियों को खदेडऩे में लगे रहे। सुबह होने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जिले की सीमा को पार कर कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में पहुंच सकते हैं इसलिए वहां के अमले को जानकारी दे दी गई है। साथ ही सीमा पर मौजूद गांव के लोगों को सतर्क भी कर दिया गया है।

सगाई टूटने से दुखी युवक ने लगाई थी शिवनाथ नदी में छलांग

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग के शिवनाथ नदी के पुराने पुल में बुधवार रात कार छोडक़र लापता हुए युवक का आखिरकार शुक्रवार सुबह शव मिल गया। युवक ने शिवनाथ में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार सुबह 5 बजे एसडीआरएफ ने गोताखोरों को नदी में उतारा। बोट में सर्चिंग करते हुए युवक के शव पानी से बाहर निकाला। राजनांदगांव निवासी मृतक पलाश अग्रवाल, उम्र 28 साल के परिजनों ने बेटे की कार को लावारिस हालत में देखकर पहले की अनहोनी की आशंका जता दी थी। जिसके बाद पुलगांव पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से

गुरुवार सुबह अज्ञात कार की सूचना पर मृतक युवक के माता-पिता उसे ढूंढते हुए शिवनाथ नदी के पुल पर पहुंचे। बेटे की कार को देखते ही दोनों फूट-फूटकर रोने लगे। माता-पिता ने बताया कि बेटे की बुधवार को ही रिश्ता टूटा है। जिसके चलते वह डिप्रेशन में चला गया। बुधवार देर रात तक फोन पर उसने हमसे बात की। हम दोनों ने उसे बहुत समझाया लेकिन रात लगभग 1 बजे के बाद से उसका फोन लगातार बंद आ रहा था। जिसके बाद हम लोगों ने उसकी तलाश शुरू की।

बिलखते परिजनों ने बताया कि पलाश रायपुर के निजी बैंक में जॉब करता है। रायपुर की युवती से एक महीने पहले उसका रिश्ता हुआ था। अचानक रिश्ता टूटने से वह सदमे में चला गया था। कार शिवनाथ पुल पर छोडक़र लापता हो गया था। बता दे कि बुधवार रात को पुलिस को स्थानीय गोताखोरों ने सूचना दी कि एक संदिग्ध कार शिवनाथ नदी पर बने पुराने पुल पर ठीक बीचों-बीच खड़ी हुई है। कार के अंदर कोई नहीं हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार की जांच की। पुलिस ने कार से दो मोबाइल फोन और एक रस्सी बरामद किया था। जिसके बाद पुलिस ने पुल के दोनों ओर बेरिकेडिंग कर दिया था। माता-पिता के पहुंचने के बाद पुलगांव पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले की जांच में जुट गई थी।

शिवनाथ नदी में उतरकर एसडीआरएफ के जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी एसडीआरएफ प्रभारी नागेन्द्र कुमार सिंह, एसडीआरएफ प्रभारी धनी राम यादव, रूपराम टंडन, एसडीआरएफ जवान हबीब ,चंदू ,योगेश्वर ,राजू ,राजकुमार, शारदा ,नरोत्तम चंदेल, रमेश ,महेश, दिनेश ,चंद्र प्रताप ,विनय ,हेमराज ,मोहन ने गहरे पानी में गोता लगाकर युवक के शव को बाहर निकाला।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम श्री.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित है दुर्लभ अष्टधातु निर्मित प्राचीन प्रतिमाएं



जगदलपुर (आरएनएस)। मां दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित दुर्लभ अष्टधातु निर्मित मां दंतेश्वरी की प्रतिमाएं वर्ष 1890 में राजमहल के निर्माण के साथ ही मां दंतेश्वरी मंदिर बनाया गया, तब से संगमरमर से निर्मित मां दंतेश्वरी की मूर्ति के नीचे यह तीनों अष्टधातु प्रतिमा भी स्थापित की गई हैं। लगभग 800 वर्ष पूर्व वारंगल से राजा अन्नम देव के साथ बस्तर आई मां दंतेश्वरी के मूर्तियों की पूजा आज भी हो रही है यह प्रतिमाएं शताब्दियों से राजबाड़ा परिसर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित हैं। प्रतिवर्ष बस्तर दशहरा के मौके पर इन्हे गर्भगृह से बाहर निकाल तथा दक्षिणमुखी स्थापित कर पूजा की जाती है जहां-जहां बस्तर के राजाओं की राजधानी रहीं ,माता की अष्टधातु से बनी यह मूर्तियां भी वहां-वहीं रही है।

मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेम पाढ़ी बताते हैं कि प्रति वर्ष शारदीय नवरात्रि के पहले दिन इन मूर्तियों को गर्भगृह से बाहर निकाल तथा दक्षिणमुखी स्थापित करने के बाद ही मंदिर में बस्तर दशहरा की पूजा विधिवत शुरू होती है। मां दंतेश्वरी की डोली विदाई के बाद इन मूर्तियों को वापस गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाता है। मंदिर में पुजारियों ने बताया कि अष्टधातु निर्मित तीनों मूर्तियां मां दंतेश्वरी की हैं एक चारभुजी, दूसरी अष्टभुजी और तीसरी मूर्ति दशभुजी है इनका वजन करीब तीन-तीन किग्रा है।

बस्तर राज परिवार के कमलचंद्र भंजदेव बताते हैं कि करीब 800 साल पहले वारंगल के महाराजा अन्नमदेव अपनी कुलदेवी मां दंतेश्वरी की मूर्तियों के साथ बस्तर आए थे, उनके निधन के बाद बारसूर, दंतेवाड़ा, बड़ेडोगर, मधोता, बस्तर में काकतीय राजाओं की राजधानी रही, इसलिए देवी की यह प्रतिमाएं भी वहां रहीं है, वर्तमान में राजबाड़ा परिसर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित हैं।